**STD XII**
**SECOND FORMATIVE / INTERNAL TEST**
**SUB: - HINDI ( SECOND LANG.)**

**Academic year :- 2023 - 2024** **Max. Marks: - 20**
**Time : 01hr**

---

सूचनाएँ :-

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2) कूल प्रश्न 13
3) प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।।
4) दायीं और दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

---

**निम्नलिखित कोष्ठकों में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पंक्तियों को फ़िर से लिखिए ।** **(02)**

1) लोहिया का स्वभाव एवं __________
   - दूरदृष्टि अद्भुत थी।
   - स्मरणशक्तिअ अद्भुत थी।
   - करूणाशक्ति अद्भुत थी।
   - सहनशीलता अद्भुत थी।

2) नन्हा-सा दबा हुआ खडा हूँ _________
   - बेजाना अनजाना
   - बेजाना पहचाना
   - बेजाना बेपहचाना
   - बेजाना पसंदीदा

**निम्नलिखित गद्य अवतरणों में से किसी एक का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए** **(04)**

3) यह क्या कह रही हो तुम ? क्या तुम नहीं चाहती कि पहला सावन सखी-सहेलियों के साथ माँ के घर बिताओ ?

अथवा

उन्हें लगा कि वे जिंदगी द्वारा ठगे गए हैं। उन्होंने जो कुछ चाहा,उसमें से उन्हें एक बूँद भी न मिली।

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 20-25 शब्दों में लिखिए। (02)**

4) "नाथ न रथ नहीं तन पद त्राना। केहि बिधि जितब बीर बलवाना॥
सुनहु सखा कह कृपानिधाना। जेहिं जय होइ सो स्यंदन आना॥" पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

शल्य के कटु वचनों का कर्ण ने क्या उत्तर दिया ?

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर इसके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

किसी देश की प्रगति और खुशहाली में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमें अपनी 35 करोड निरक्षर जनता को साक्षर बनाना है।हमारे समाज में कम-जोर वर्ग के बच्चे कुपोषण के शिकार रहते हैं और उनमें सिर्फ़ एक प्रतिशत ही आठ साल की संतोषजनक शिक्षा पूरी कर पाते हैं। हमें उनके लिए विशेष रूप से सोचने की आव- - श्यकता है। यकीनन शिक्षा हर भारतीय बच्चे का मौलिक अधिकार है।क्या हम ऎसी परिस्थिति में मूकदर्शन बने रहेंगे , जहाँ लाखों बच्चे जिदंगी-भर के लिए गरीबी की गर्त में धकेल दिए जाते हैं।

शिक्षा सुविधा की असमान उपलब्धता भी एक गंभीर चिंता का विषय है।ऎसी स्थिति आजादी के छह दशकों बाद भी कायम है। उदाहरण के तौर पर मैंने अपने गाँवों में तीन तरह के परिवारों को देखा है। अपनी आर्थिक संपन्नता के कारण ऎसे खुशहाल परिवार भी हैं जो किसी भी कीमत पर अपने नौजवानों को शिक्षित बनाने का महत्व जानते हैं और जीवन के नाजुक मोड पर उन्हें सही दिशा देते हैं। कुछ ऎसे परिवार भी हैं जो शिक्षा के महत्व से परिचित होंगे किंतु न ही उन्हें अवसरों की सही जानकारी है और न उन्हें अपने ब्च्चों के लिए इन अवसरों को पाने का तौर-तरीका ही पता है। एक तीसरे तरह के परिवार भी हैं जिनकी आर्थिक स्थिति नाजुक रहती है और वे शिक्षा का महत्व महसूस नहीं कर पाते। पीढी-दर-पीढी उनके बच्चे उचित सुविधाओं से वंचित रहते हैं।

वे गरीबी की अँधेरी गुफ़ा में पडे रहते हैं। उन्हें तेजस्वी बनाना तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के गरीबों सहित समाज के सभी वर्गों में शिक्षा के प्रति भरपूर जागृति पैदा करना अनिवार्य है।

5 ) हमारे समाज के बच्चे केवल आठ साल की संतोषजनक शिक्षा ही क्यों पूरी कर पाते हैं ? (01)

6) शिक्षा का महत्व कौन महसूस नहीं कर पाते ? (01)

7) कुपोषण शब्द का अर्थ क्या है ? (01)

**निम्नलिखित शब्द का रूप उचित उपसर्ग लगाकर बदलिए।** **(01)**

8) अवसर अथवा भाव

**निम्नलिखित कोष्ठक में दी गई संज्ञा का उचित कारक रूप रिक्त स्थान में भरकर वाक्य फ़िर से लिखिए।** **(01)**

9) मेरे घाव का इलाज बेटी की ससुराल वालों ने दूसरे ______ कर दिया है।( घाव )

**निम्नलिखित वाक्य शुध्द करके लिखिए।** **(01)**

10) अब भी आँखें नही खुला।

**निम्नलिखित कोष्ठकों में दी गयी सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए।** **(02)**

11) गजाधर बाबू चलने को तैयार बैठे थे ा । ( सामान्य भविष्यत्काल )

12) आज भी मुझको उस दिन की याद आती है। (अपूर्ण वर्तमानकाल )

**13) प्रगति उच्च माध्यमिक विद्यालय में मनाए गए "बाल दिन समारोह" पर लगभग 70 - 75 शब्दों में प्रतिवेदन (रिपोर्ट) लिखिए।** **(04)**

अथवा

**"भगवान बचाए इन सड़कों से" इस विषय पर दो विद्यार्थियों (राम और श्याम) के बीच हुआ संवाद लगभग 15 -20 वाक्यों में लिखिए।**

--------------------***********--------------------

**वार्षिक परीक्षा २०२३-२४**

**कक्षा:- १२ वी, HINDI LANGUAGE -II**

**Time : 2 ½Hours** **Maximum Marks : 80**

**Total No. of Questions : 45**

---

**सूचनाएँ :- (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

**(२) प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभाजित है क,ख,ग ।**

**(३)दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती हैं ।**

**(४) प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए ।**

---

**<u>खंड(क)</u>**

**निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए । २**

**१** पंडितजी ने धर्म को धन का ___________

*ऐसा निरादर करते कभी न देखा था।

*ऐसा आदर करते कभी न देखा था।

*ऐसा सम्मान करते कभी न देखा था।

*ऐसा अपमान करते कभी न देखा था।

**२** पैसेंजर भले ही ______________ ,गनेशी ने पहूंचाने में कभी देर नहीं की।

*गाजीपुर लेट पहुँचे ।

*रानीपुर लेट पहुँचे ।

*कानपुर लेट पहुँचे।

*नागपुर लेट पहुँचे। ।

**निम्नलिखित कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थान में भरकर काव्य पंक्ती को फिर से लिखिए।** २

**३** 'मां ओ ' कहकर बुला रही थी ,____________ खाकर आती थी ।

(गुड ,मिट्टी ,लड्डू )

**४** उदासी को बेचकर न ये चमचमाते __________ खरीद लेना चाहिए।

(खिलौने , बर्तन , जूतें )

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए । २**

**५** राधिका किस हेतु श्रीकृष्ण की मुरली छिपाती हैं ?

**६** युवा नारी इलाहाबाद के पथ पर क्या कर रही थी ?

**अथवा**

शल्य को कर्ण का कौन -सा व्यवहार कायरों जैसा लगा ?

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछें गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

विकसित भारत महज एक सपना नहीं। जब यह सपना सच हो जाएगा तो इसका सबसे अधिक लाभ युवकों को होगा। इसलिये वह महत्त्वपूर्ण है कि, इस सपने को साकार करने में आपको शुरू से ही सहयोग करना चाहिए। इसे आप अपनी शैक्षणिक पारिवारिक सीमाओं में रहते हुए अपनी योग्यता के अनुरूप बेहद अनोखे अंदाज में निभा सकते हैं। भावी युवा पीढ़ी के लिए यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि, वे ज्ञान और शारीरिक सहयोग के हाथियार का उपयोग करते हुए सभी क्षेत्रों में सहयोग करने का मन बना लें।

एक विकसित राष्ट्र की पहचान है उसमें अमीर-गरीब के भेद को दृढ़तापूर्वक मिटा दिया जाता है। इसका एक तरीका यह है कि, आपका स्कूल आपके पड़ोस के एक गांव को अपना ले। आप में से प्रत्येक छुट्टीयों के दिन उस गाँव में जा सकते है और कम- से-कम दो लोगों को साक्षर बनाने में सहयोग देकर ज्ञान के दीप को जला सकते है।

७ विकसित भारत से सबसे अधिक लाभ किसको होगा ? १

८ भावी युवा पीढ़ी के लिए कौनसी बात महत्वपूर्ण है ? १

९ छुट्टियों के दिन गांव में कौनसा उपक्रम किया जा सकता हैं ? १

१० उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए ? १

**निम्नलिखित गद्य अवतरणों में से किसी एक अवतरण का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए :।**

**११** "चालीस हजार नहीं, चालीस लाख पर भी असंभव है।"

**अथवा**

“मैंने सोचा था कि बरसो तुम सबसे अलग रहने के बाद, अवकाश पाकर परिवार के साथ रहूँगा। खैर, परसो जाना है।तुम भी चलोगी?”

**<u>खंड – ख</u>**

**निम्नलिखित पद्य-अवतरणों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : ४**

**१२** बकरी पाती खात है, तिनकी काढ़ी खाल।

जो नर बकरी खात है, तिनका क्या हवाल।।

**अथवा**

कहलाने एकत बसत अहि मयूर, मृग, बाघ ।

जगतु तपोबन सौ कियौ दीरघ-दाघ निदाघ ।।

**निम्नलिखित पद्य-अवतरणों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ४**

**१३** मैं रोई, माँ काम छोड़कर,

आई, मुझको उठा लिया।

झाड़-पोंछकर चूम-चूम,

गीले गालों को सुखा दिया ॥

**अथवा**

'शल्य, पार्थ की भीति उसको होगी,

क्षयमान् क्षणिक, भंगुर शरीर पर मृषा प्रीति जिसको होगी।

इस चार दिनों के जीवन को, मैं तो कुछ नहीं समझता हूँ,

करता हूँ वही, सदा जिसको भीतर से सही समझता हूँ।

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 से 45 शब्दों में हो) :।** ६

**१४** रामू की बहू, कबरी बिल्ली से तंग क्यों आ गई थी ?

**१५** राजा के अनुसार तावीज ने कर्मचारी को कैसे ईमानदार बनाया ?

**अथवा**

रोमा के अचानक घर आने पर घर के सभी सदस्य क्यों चौंक गए?

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए:-(प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 20 से 25 शब्दों में हो।** ४

**१६** कवि ने 'तोड़ती पत्थर' कविता में धूप का वर्णन किस प्रकार किया है?

**१७** 'आज पोस्टर आदमी से बड़े सत्य हैं,' ऐसा कवि क्यों कहता है?

**अथवा**

उदासी को किस तरह बदल देना चाहती है?

**<u>खंड – ग</u>**

**निम्नलिखित शब्दों के विशेषण रूप लिखिए :।** २

**१८** पूजा

**१९** रोज

**निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।** २

**२०** पुष्प

**२१** नेत्र

**निम्नलिखित शब्दों  की भाववाचक संज्ञाएँ लिखिए।** **२**

**२२** बूढ़ा

**२३** अपना

**निम्नलिखित शब्दों के रूप उचित उपसर्ग लगाकर बदलिए।** **२**

**२४** भाव

**२५** देश

**निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी रूप लिखिए:।** **२**

**२६** पसंद

**२७** मान

**निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए ।** **२**

**२८** नदी तट पर आपने मेरी प्रार्थना नहीं स्वीकारा थी । ं

**२९** सभाघार खचाखच भरा था ।

**निम्नलिखित कोष्ठको को में दी गई संज्ञाओं का उचित कारक रूप रिक्त स्थान में भरकर वाक्य को फिर से लिखिए।** २

**३०** लोहिया ने कभी_______ समझौता नहीं किया। ,(असत्य)

**३१** रोमा पीछले दस वर्षों से________ही काम कर रही हैं ।(कंप्यूटर)

**निम्नलिखित कोष्ठक में दी गई सूचना के  अनुसार काल-परिवर्तन कीजिए।** **२**

**३२** मैं गौरी के लिए झूला डालता हूँ। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

**३३** मैंने आज्ञाकारी बच्चें की तरह कहा। (सामान्य भविष्यकाल)

**निम्नलिखित मुहावरें का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्य में प्रयोग किजिए ।** २

**३४** खलल डालना।

**अथवा**

असमंजस में पड़ना।

**निम्नलिखित कार्यालयीन शब्दों का हिंदी में अनुवाद कीजिए।** **२**

**३५** Nutrition

**३६** supervisor

**३७ 'बेरोजगारी' इस विषय पर अमीर/समीर के बीच हुआ संवाद लगभग 15 से 20 वाक्यों में लिखिए।** **५**

**३८ सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, पेडणे- गोवा में गांधी जयंती के अवसर पर मनाए गए श्रमदान कार्यक्रम पर लगभग 70 से 75 शब्दों में प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तैयार कीजिए ।** **५**

**३९ परेश/पवनी देसाई, राज-नगर, बोरी- गोवा से अध्यक्ष, कदंब परिवहन निगम, पणजी - गोवा। बस सेवा की अनियमितता के कारण परेशान होकर शिक़ायती पत्र लिखता/ लिखती हैं ।**

**५**

**अथवा**

मानव / मानवी गांवकर, घर क्र. ५०१, सांत इमेज, पणजी गोवा से नीचे दिए

गए विज्ञापन (advertisement) के आधारपर आवेदन पत्र तैयार करता/करती है।

---

आवश्यकता

क्लर्क (clerk)

शैक्षणिक योग्यताएँ - बारहवी उत्तीर्ण

- हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा टंकलेखन अनिवार्य
- संगणक का ज्ञान आवश्यक
- कोकणी मराठी का ज्ञान आवश्यक

अनुभव - कम से कम एक साल

पूरी जानकारी के साथ आवेदन करें।

संपर्क: मुख्याध्यापक,

सरस्वती विद्यालय

म्हापसा-गोवा ।

---

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

समाज में नारियों की स्थिति किसी भी समाज की संस्कृति की नींव पर, आधार रखती है। भारत में नारियों की दशा समय समय पर बदल रही है। प्राचीन काल के समाज में उनकी बहुत प्रतिष्ठा थी। समाज ने उनको पुरुषों की भाँति स्थान देकर उन्हें कल्याणी, अर्धांगिनी, गृहलक्ष्मी आदि सुंदर नामों से विभूषित किया। वे आध्यात्मवादी थी, और उनका लक्ष ज्ञान-विज्ञान द्वारा अपने को ऊँचा उठाना था। उनका दांपत्य जीवन धर्म और अध्यात्मवाद से ओत-प्रोत था। वैदिक काल से ऋषियों के आश्रम में ऊँची-ऊँची शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार समाज द्वारा मान्य था। उनका जीवन स्वतंत्र था। वे साहित्य, विज्ञान, कला, राजनीति सभी क्षेत्रों में पुरुषों के समकक्ष थीं, परंतु जैसे जैसे समय बीतता गया, नारियों की स्थिति खराब होती गई। समाज के ठेकेदारों ने नारियों के अधिकार छीन लिए। अशिक्षित दुर्बल नारियों ने वधु, विधवा और दासी के रूप में वर्षों तक घोर अत्याचार सहा ।

**प्रश्न:**

**४०** प्राचीन काल में नारी को किन नामों से विभूषित किया गया? १

**४१** नारियों को समाज में कौनसी मान्यता मिली थी? १

**४२** नारी का क्या लक्ष्य था? १

**४३** नारी किन क्षेत्रों में पुरुषों से सक्षम थी? १

**४४** उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। १

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २०० शब्दों में निबंध लिखिए ।** ८

**४५*** समय का महत्व ।

* मनोरंजन के बढ़ते साधन ।
* समुद्र किनारे सैर ।
* कलम की आत्मकथा ।